हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 23 अक्टूबर 2025

04 घर-घर हुई गोवर्धन पूजाः गौमाता का श्रृंगार कर...



07 पुलिस स्मृति दिवस पर अमर वीर जवानों को...





### पशुपालकों द्वारा पूजा-अर्चना कर प्रतिमा का दूध से अभिषेक किया और मन्नत मांगी

# इस बार भी दो दिन लगा बारहखंबा मेला, जमकर हुई खरीदारी, लाखों का हुआ कारोबार

**परंपरानुसार यह मेला दिवाली के अगले दिन अर्थात पड़वा को आयोजित होता था, लेकिन पिछले 3 सालों से यह दिवाली के दो दिन बाद आयोजित किया जा रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

हर वर्ष की भांति इस साल भी इछावर के गांव देवपुरा में मंगलवार ए बुधवार को भगवान पशुपतिनाथ का मेला आयोजित किया गया, जिसमें अंचल सहित दूर दराज क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान पशुपतिनाथ की प्रतिमा पर दूध चढ़ाया और पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने अपने पशुधन की सलामती एवं सुख समृद्धि की मंगल कामना की। परंपरानुसार यह मेला दिवाली के अगले दिन अर्थात पड़वा को आयोजित होता था, लेकिन पिछले 3 सालों से यह दिवाली के दो दिन बाद आयोजित किया जा रहा है। दरअसल दिवाली के अगले दिन अर्थात कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की पड़वां को लगने वाला यह मेला तिथियों में अंतर के कारण दिवाली के दूसरे दिन आयोजित किया गया। इस बार मेला दो दिन तक चला। मेला स्थल तक पहुंचने के लिए तीनों प्रमुख मार्गों पर करीब तीन-तीन किमी तक वाहनों की लंबी कतारें दिखाई दी। प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक इंतजाम किए थे।

बुधवार को देवपुरा में भगवान पशुपतिनाथ का मेला आयोजित किया गया, जिसमें अंचल के अलावा जिले व प्रदेश के कोने-कोने से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान लोगों ने मंदिर में स्थित भगवान पशुपतिनाथ की प्रतिमा का दूध से अभिषेक कर अपने पशुधन की सलामती की मंगल कामना की। साथ ही मेले में ग्रहस्थी की सामग्री और खिलोने आदि की जमकर खरीददारी की। श्रद्धालुओं द्वारा भगवान की प्रतिमा का दूध से अभिषेक किए जाने के कारण मंदिर से दूध की धारा बहने लगी और मंदिर के बाहर स्थित एक कुंड में हजारों लीटर दूध जमा हो गया। इसके अलावा लोगों ने मेले में खरीदारी करने के साथ ही झूला आदि का जमकर लुफ्त उठाया।



### कई किमी तक लगी वाहनों की कतार

मेला स्थल पर पहुंचने वाले खेरी, गादिया, दिवडिया मार्ग पर कई किमी तक वाहनों की लंबी कतारें दिखाई दी मेले में शामिल होने के लिए बच्चे, युवा, बुजुर्ग और महिलाएं हजारों की संख्या में पहुंचे।

### मंदिर से बह निकली दूध की धारा

मंदिर में भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ अलसुबह ही लगना शुरू हो गई थी। इस दौरान पशुपालकों द्वारा पूजा-अर्चना कर प्रतिमा का दूध से अभिषेक किया और मन्नत मांगी। माना यह जाता है कि यहां जो व्यक्ति भगवान पशुपतिनाथ की प्रतिमा पर दूध चढ़ाता है, उनकी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है, इसी के चलते यहां दूध चढ़ाने के लिए हर साल श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है।



## खबर संक्षेप

### 1 से 6 नवंबर तक आयोजित होगा जिला स्तरीय युवा उत्सव

**सीहोर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस तथा पूर्ण सप्ताह राष्ट्रीय युवा सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। जिसके अंतर्गत जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 1 से 6 नवम्बर 2025 के मध्य सीहोर इसके तहत आयोजित गतिविधियों में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा 07 विधाओं जैसे भाषण, कहानी लेखन, कविता लेखन, पेंटिंग, समूह लोकगीत, समूह लोकनृत्य एवं विज्ञान मेला प्रदर्शनी में भाग ले सकते हैं। प्रतिभागी माय भारत पोर्टल पर पंजीयन कर जिला स्तरीय युवा उत्सव में शामिल हो सकते हैं। सभी प्रतिभागियों का माय भारत पोर्टल पर पंजीयन करना अनिवार्य है। पंजीयन उपरांत फार्म की प्रति खेल विभाग के कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए खेल और युवा कल्याण विभाग कार्यालय चर्च ग्राउंड सीहोर पर जाकर अथवा मोबाईल नंबर 9111600215 पर संपर्क किया जा सकता है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय चयन पार्श्व परीक्षा की अंतिम तिथी 24

**सीहोर।** जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए संचालित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन पार्श्व परीक्षा जो कि कक्षा 9 वी और कक्षा 11 वी की कक्षाओं में रिक्त सीटों के लिये आयोजित की जाएगी। इसके लिए विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई थी। इस तिथि को अब बढ़ाकर 24 अक्टूबर 2025 कर दिया गया है। विद्यार्थी अपना रजिस्ट्रेशन कक्षा 11 वी के लिए पोर्टल https://cbseitms.nic.in/2025/nvsxi 11/ तथा कक्षा 09 वीं के लिये पोर्टल https://cbseitms.nic.in/2025/nvslx 9/ पर करा सकते हैं। इसके साथ ही विद्यार्थी 24 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2025 तक अपने रजिस्ट्रेशन में वेबसाइट पर जाकर सुधार भी कर सकते हैं।

### विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग में ऑनलाइन पंजीयन शुरू

**सीहोर।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत युवा, खिलाड़ी, विद्यार्थी, एनसीसी एवं एनएसएस के सदस्य आदि ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के लिए पंजीयन लिंक https://mybharat.gov.in/ है। पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2025 है। युवा अपने पंजीयन के माध्यम से इस कार्यक्रम में भाग लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सीधे संवाद करने का अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

# कुबेरेश्वरधाम पर 29 अक्टूबर को मनाया जाएगा अन्नकूट महोत्सव, लगाया जाएगा 56 भोग

### गोपाष्टमी को बृजधाम की झलक दिखाई देगी, उमडेगा श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इस साल भी जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर गोपाष्टमी का पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर वि_लेश सेवा समिति की ओर से श्रद्धालुओ को भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा। आगामी 29 अक्टूबर को होने वाले गोपाष्टमी को लेकर गोवर्धन पूजन की झांकी के अलावा 56 भोग सहित अन्य पूजा अर्चना की जाएगी। वहीं बुधवार को भाई-दूज के पावन अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहाकि भाईदूज का पर्व बहुत ही पावन है, खास दिन यमराज और उनकी बहन यमुना के बीच के अनमोल रिश्ते को याद करने का अवसर होता है। भाई दूज पर बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर, कलावा बांधकर और मिठाई खिलाकर उनके सुख-समृद्धि और लंबी उम्र की कामना करती हैं। इस दिन भाई को नारियल भेंट करना भी एक शुभ परंपरा मानी जाती है, जो रिश्तों में प्रेम और समृद्धि लाने वाला माना जाता है। जो भाई अपने सिर पर तिलक धारण करेगा, उसको किसी भी प्रकार का कष्ट नहीं आएगा।

अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में धाम पर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर कुबेश्वर धाम पर जोरो शोरो से तैयारियां की जा रही है। बता दें कि, हर साल की तरह इस साल भी सीहोर जिला मुख्यालय के पास चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर और कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में गोपाष्टमी को बृजधाम की झलक दिखाई देगी। हर साल यहां पर दीप पर्व के पश्चात अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाता है। यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसादी प्रदान की जाती है।

### 56 प्रकार के मिष्ठान पकवान का भोग अर्पित किया जाएगा

56 प्रकार के मिष्ठान पकवान का भोग अर्पित किया जाएगा। इससे ही विभिन्न आकृतियां उकेरकर झांकी सजाई जाती है। इसलिए इसे अन्नकूट महोत्सव कहते हैं। अन्नकूट प्रसादी का बड़ा महत्व होता है क्योंकि इसमें कई प्रकार की सब्जियां अन्य प्रकार के भोग बनाए जाते है। उस प्रसाद का स्वाद ही अलग होता है। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे।

गिरिराज जी के समक्ष छप्पन प्रकार से अधिक व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। इस भोग में पोषक तत्वों वाली खाद्य सामग्री शामिल की जाएगी। इनमें करीब एक दर्जन से अधिक प्रकार की विभिन्न प्रकार की मिठाईयों के अलावा इम्युनिटी को मजबूत करने वाली औषधीय सामग्री जैसे तुलसी, नारियल, अदरक, दही, पनीर, आंवला, पालक, मैथी, ड्राय फ्रूट, कद्दू की सब्जी आदि के पकवान शामिल किए गए है। वहीं श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रकार की शुगर फ्री मिठाई भी बनाई जा रही है। दीपोत्सव के पश्चात प्रति वर्ष कुबेरेश्वर धाम पर समिति के द्वारा भव्य आयोजन किया जाता है। इस मौके पर मंदिर परिसर में 56 प्रकार की सामग्री से गिरिराज गोवर्धन का प्रतिरूप तैयार किया जाएगा। इसके अलावा रंगोली आदि का निर्माण किया जाएगा। भगवान श्रीकृष्ण को 56 या 108 तरह के पकवानों का भोग लगाया जाएगा। अन्नकुट महोत्सव सनातन धर्म का सबसे बड़ा पर्व है। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर के में अन्नकूट के लिए विभिन्न प्रकार के पकवानों की झांकी सजाई जाएगी। अन्नकूट के दर्शन के साथ ही यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

# बाराखंबा देव स्थान को दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की पिकप पलटी आधा दर्जन घायल हुए उपचार जारी

### श्रद्धालुओं को किया सिविल अस्पताल में भर्ती, एक गंभीर घायल को सीहोर जिला अस्पताल किया रैफर





**भैरुंदा।** बुधवार को सुबह करीब 11 बजे तहसील भैरुंदा के सुआपानी से बाराखंबा जा रहे श्रद्धालुओं की बुलेरो पिकअप गांव अंबा,गुलरपुरा के बीच के अनियंत्रण होकर पलटी खा गई। जिसमें आधा दर्जन श्रद्धालुओं घायल हुए। स्थानीय लोगों द्वारा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाड़कई में भर्ती कराया जहां से एक गम्भीर घायल को जिला अस्पताल रैफर किया तो वहीं 4 श्रद्धालु को सिविल अस्पताल भैरुंदा भर्ती कराया गया। पिकअप में करीब 20 श्रद्धालु सवार थे। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

**भगवान का शुक्र है खेत में पलटी, नहीं तो हो सकती थी बड़ी घटना :** श्रद्धालु दिनेश पिता किशनलाल निवासी सुआपानी ने कहा भगवान का शुक्र है खाली खेत में पलटी खाई नहीं तो हो सकती थी बड़ी खतना। उन्होंने बताया कि बुधवार की सुबह करीब 10बजे गांव से बुलेरो पिकअप में करीब 18लोग देव स्थान बाराखंबा दर्शन के लिए रवाना हुए थे। आंबा,गुलरपुरा गांव के पास अंधा मोड़ आया जिसमें बुलेरो पिकअप अनियंत्रण होकर पलटी खा गई। जिसमें 6 श्रद्धालु घायल हो गए। घायल में एक 2 लड़की, लड़का, तीन युवा शामिल थे। एक व्यक्ति गंभीर रूप घायल हुआ था। जिसे जिला अस्पताल रैफर किया गया था। सभी को कही न कही चोटे आई है। सभी का अस्पताल ईलाज जारी है।

घटना की जानकारी मिलते ही लाड़कई चौकी प्रभारी राजकुमार यादव के साथ पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे थे। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाड़कई में भर्ती कराया गया। मौके पर ग्रामीणों एवं परिजनों ने हंगामा करते हुए बुलेरो पिकअप को नहीं ले जाने की बात कही। ग्रामीणों का आरोप है कि पिकअप में सवार सभी लोग घायल हुए हैं। जिसमें से कुछ लोगों का ही उपचार कराया गया है। वाहन मालिक से उपचार कराया जाए। फ़िर वाहन ले जाएं। हालांकि पुलिस की मस्कत और समझाइश के बाद मान गए। वाहन को पुलिस ने अपने साथ लाड़कई चौकी में लाकर खड़ा किया।

### दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना के आवेदन 31 तक

सीहोर।दिव्यांग विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिये मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। इसमें मध्यप्रदेश के मूलनिवासी दिव्यांगजन, जिनमें अस्थिबाधित द्वारा गत परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक तथा अन्य श्रेणी में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है उनसे वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये है। विद्यार्थी अपना आवेदन 31 अक्टूबर तक स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन जमा कर सकते है।

### उत्साह के साथ मनाया गया गोवर्धन पर्व



**सीहोर।** भगवान श्रीकृष्ण द्वारा इंद्र के अहंकार को दूर करने की स्मृति में मनाया जाता है। गोवर्धन पूजा प्रकृति, गौ-सेवा और पर्यावरण संरक्षण का आदर करने का संदेश देती है। केन्द्र और प्रदेश सरकार गौधन के संरक्षण के लिए कार्य कर रही है। उक्त विचार शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र में गोवर्धन पूजन दिवस के मौके पर बुधवार को संस्कार मंच के संरक्षक मनोज दीक्षित मामा ने कहे। इस मौके पर आश्रम में वृद्धजनों ने श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के तत्वाधान में केन्द्र के संचालक राहुल सिंह के मार्गदर्शन में परिसर में गोबर से आकृति बनाई थी, इसके पश्चात रंगोली सजाई और दीप प्रज्जवलित कर पर्व मनाया। इस मौके पर समिति की ओर से पंडित सुनील पारासर, धर्मेन्द्र माहेश्वरी, आनंद व्यास, बाबू सिंह, आकाश राय, कमलेश राय आदि शामिल थे। श्री दीक्षित ने कहाकि दीपावली के अगले दिन होने वाला गोवर्धन पर्व प्रकृति, पर्वत और गौ-वंश संरक्षण की भारतीय प्राचीन परंपरा का प्रतीक है। इस परंपरा का साक्षात दर्शन हमें भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर धारण करने से मिलता है। मानवता की रक्षा के इसी पावन स्मृति में गोवर्धन पूजन किया जाता है। इस पर्व में गौ-धन के संवर्धन की प्रेरणा है जो भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है। इसमें भारतीय समाज की वह जीवनदृष्टि समाहित है, जिसमें प्रकृति, पशु, मनुष्य और देवत्व का संतुलन देखने को मिलता है। दीपावली के दूसरे दिन भगवान श्रीकृष्ण की विशेष पूजा-अर्चना की गई और गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा की गई। माहौल भक्तिमय बना रहा, और दीपों की रोशनी तथा भजन की ध्वनियों से आश्रम परिसर आलोकित हुआ।

### जिले में गोवंश (गायों) की कुल संख्या 3 लाख 8 हजार 944 दर्ज की गई है

# 5.5 लाख से अधिक गाय-भैंस, खच्चर हुए 'गायब'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पशु गणना के नवीनतम आंकड़े सीहोर जिले में दुधारू पशु गाय और भैंस का दबदबा है, जबकि खेती और परिवहन में इस्तेमाल होने वाले पारंपरिक पशु अब लगभग विलुप्त की कगार पर है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पशु गणना के मुताबिक सीहोर जिले में गोवंश (गायों) की कुल संख्या 3 लाख 8 हजार 944 दर्ज की गई है। वहीं, भैंसों की संख्या भी 2 लाख 52 हजार 957 है। यानी जिले में कुल 5 लाख 61 हजार 901 दुधारू पशु हैं, जो ग्रामीण आजीविका और डेयरी उद्योग की रीढ़ बने हुए हैं।

आंकड़ों में आधुनिकता का प्रभाव साफ तौर पर दिखाई देता है। जहां गोवंश की संख्या 3 लाख 8 हजार से अधिक है, वहीं कभी परिवहन और सवारी के लिए इस्तेमाल होने वाले घोड़ों की संख्या केवल 129 रह गई है। यानी गायों की संख्या घोड़ों से लगभग 2300 गुना अधिक है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि कृषि और माल ढुलाई में इस्तेमाल होने वाले पारंपरिक पशु अब शून्य या लगभग विलुप्त हो चुके हैं। परिवहन में सहायक माने जाने वाले टट्टू -0 और खच्चरों 0 की संख्या शून्य दर्ज की गई है। यहां तक कि गधों की संख्या भी सिमटकर मात्र 11 रह गई है।



### बकरियां बड़ा सहारा, ऊंटों की उपस्थिति भी कम

छोटे पशुपालन के क्षेत्र में भी सीहोर की स्थिति मजबूत है। गरीब की गाय कही जाने वाली बकरे-बकरियों की संख्या 1 लाख 15 हजार 408 है, जो ग्रामीण परिवारों के लिए एक बड़ा आर्थिक सहारा है। भेड़ों की संख्या 909 और सुअरों की संख्या 547 दर्ज की गई है। इन सबके बीच सबसे दिलचस्प आंकड़ा ऊंटों का है। रेगिस्तानी क्षेत्र न होते हुए भी जिले में ऊंटों की संख्या 10 दर्ज की गई है।

## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा आयोजित करने के निर्देश

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने सिस्टमैटिक एंड एक्टिव मीटिंग्स इन विलेजेज टू एंड डेवलपमेंट पहल के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का नियमित मासिक आयोजन कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि कैलेंडर अनुसार निर्धारित दिवसों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाए और ग्राम सभाओं में पंचायतीराज मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशानुसार सभी गतिविधियां आयोजित की जाएं। ग्राम सभाएं आयोजित करने का उद्देश्य ग्राम स्तर पर पारदर्शिता, जनभागीदारी और जवाबदेही को सुदृढ़ करना है। जारी निर्देशानुसार ग्राम सभाओं का आयोजन करने का दायित्व ग्राम पंचायत के सरपंच तथा सचिव का रहेगा, जिसका पर्यवेक्षण जनपद पंचायत सीईओ एवं संबंधित एसडीएम द्वारा किया जायेगा।

### पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष बने रवीन्द्र बांगरे



**सीहोर।** ऑल प्रगतिशील पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन म.प्र. के प्रांतीय अध्यक्ष सुधीर दुबे ने जिला शाखा सीहोर के लिए रवीन्द्र बांगरे सेनि. सहायक संचालक शिक्षा विभाग को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। सीहोर जिले में लम्बे समय तक प्राचार्य व शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत रहे श्री बांगरे वर्तमान में एक निजी शिक्षण संस्था सरदार पटेल हायर सेकेण्डरी स्कूल झरखेड़ा में निःशुल्क प्राइमरी एजुकेशन व हायर सेकेण्डरी तक मानक शिक्षा पर नवाचार कर रहे हैं। इसके साथ-साथ पेंशनभोगियों के हितों की सुरक्षा, उनके लाभ व कल्याण पेंशन से सम्बंधित शिकायतों के निराकरण व अन्य समस्याओं के समाधान के लिए इन्होंने संगठन के जिलाध्यक्ष पद का दायित्व स्वीकार किया है। इसके पूर्व अभय जैन व्याख्याता डाइट सीहोर को प्रांतीय महामंत्री नियुक्त किए जाने यह पद रिक्त हो गया था। नवनियुक्त अध्यक्ष रवीन्द्र बांगरे ने बताया कि शीघ्र ही सदस्यता अभियान शुरू कर संघ की कार्यकारिणी का गठन कर संगठन को मजबूती प्रदान की जायेगी। उनकी इस नियुक्ति पर शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाऐं प्रेषित की है।

### गौशालाओं में गौ पूजन कर मनाया गया गोवर्धन पर्व

# घर-घर हुई गोवर्धन पूजाः गौमाता का श्रृंगार कर पूजा-अर्चना कर मनाया अन्नकूट पर्व

इस पर्व का पौराणिक महत्व भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ा है। मान्यता है कि श्रीकृष्ण ने देवराज इंद्र का अहंकार तोड़ने और ब्रजवासियों को मूसलाधार बारिश से बचाने के लिए अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठा लिया था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा







नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को गोवर्धन पूजा का पावन पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान महिलाओं ने घरों के सामने गाय के गोबर से भगवान गोवर्धन बनाकर रंगोली के रंग और फूलों से श्रृंगार किया गया वहीं शाम अलग अलग पकवानों के पकवान बनाए ओर भगवान गोवर्धन के समक्ष दीप जलाकर रोशन किया। पूजा अर्चना पर आरती उतारी। भगवान को भोग अर्पित किए। वहीं लोगों ने अपने-अपने घरों में अन्नकूट पूजा बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ की। इस त्यौहार को अन्नकूट पूजा के नाम से भी जाना जाता है।

इस पर्व का पौराणिक महत्व भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ा है। मान्यता है कि श्रीकृष्ण ने देवराज इंद्र का अहंकार तोड़ने और ब्रजवासियों को मूसलाधार बारिश से बचाने के लिए अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठा लिया था। उन्होंने सात दिनों तक ब्रजवासियों को इस पर्वत के नीचे सुरक्षित रखा। तभी से गोवर्धन पर्वत की पूजा का विधान शुरू हुआ, जो प्रकृति और पर्यावरण के प्रति सम्मान का संदेश देता है। गोवर्धन पूजा के दिन भगवान श्रीकृष्ण की आराधना की जाती है। श्रद्धालु गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत की प्रतीकात्मक आकृति बनाकर विधि-विधान से उसकी पूजा करते हैं। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के पकवान तैयार किए जाते हैं, जिन्हें 'अन्नकूट' कहा जाता है, और भगवान श्रीकृष्ण को अर्पित किया जाता है।


#### गोशालाओं में गौ पूजन कर मनाया गया गोवर्धन पर्व

गोवर्धन पूजा के अवसर पर गोधन का श्रृंगार किया। गोशालाओं में पहुंचकर विधि विधान से गौ पूजन कर गोवर्धन पर्व मनाया। विकासखंड ग्राम पंचायत छीपानेर स्थित दादाजी आश्रम की गौशाला में गोवर्धन पर गौ सेवा कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर गोवर्धन पर मनाया गया।

गोवर्धन पर्व के अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुलनाथ सिंह भाटी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि अवध पटेल, ग्राम पंचायत सरपंच शशिराज सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या ग्रामवासी गौशाला पहुंचकर गौ माता को तिलक कर, माला पहनकर उन्हें चारा खिलाया। इसअवसर पर पशुओं को नहलाया गया। पूजा स्थल पर पूजन-अर्चन का कार्य संपन्न कराया गया।

# करोड़पतियों ने गरीबों का अनाज हड़पा भुखमरी झेल रहे हकदार परिवार

### शासकीय राशन योजना में बड़े लोगों का कब्जा, जांच की उठी मांग



**रेहटी।** रेहटी नगर में मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। शासन द्वारा गरीबों, मजदूरों और बेसहारा परिवारों के लिए शुरू की गई राशन योजना पर अब अमीरों ने डाका डाल रखा है। जिनके घरों में एसी चलता है, आंगन में चार पहिया गाड़ियां खड़ी हैं, बैंक खातों में लाखों रुपये जमा हैं वही लोग गरीबों के हिस्से का अनाज उठाकर पेट भर रहे हैं। जबकि जिनके घरों में चूल्हे ठंडे हैं, जिनके पास कमाई का कोई साधन नहीं, वे पात्रता के बावजूद दर-दर भटक रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि नगर के कई प्रभावशाली और संपन्न परिवारों ने बीपीएल और अंत्योदय कार्ड बनवा रखे हैं। शासन की मंशा थी कि कोई भूखा न सोए, लेकिन यहां तो हालात उलट हैं भूख से तड़पते परिवार रोज़ाना राशन दुकानों के चक्कर लगा रहे हैं और अमीरों के घरों में सरकारी गेहूं और चावल के बोरे सजाए जा रहे हैं। वार्डों में चर्चा है कि कुछ राशन विक्रेताओं की मिलीभगत से यह खेल लंबे समय से चल रहा है। जिनके पास पक्के मकान, किराए की दुकानें और खेती की ज़मीन है, उन्हें भी "गरीब" बताकर कार्ड जारी कर दिए गए। जनता में भारी आक्रोश है कि जब प्रशासन और जनप्रतिनिधि सब कुछ जानते हैं, तो फिर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही। नगर के एक बुजुर्ग ने आंसू भरी आंखों से कहा — "हमारे बच्चे भूखे सो जाते हैं, लेकिन बड़े घरों में सरकार का अनाज थैलों में भरा पड़ा है। यह कैसी न्याय व्यवस्था है?"

शासन के नियमों के अनुसार जिन व्यक्तियों के पास चार पहिया वाहन, दो पहिया वाहन, पक्का मकान, लेटर डाला हुआ घर, किराए से मकान देने की आय, मोबाइल, टीवी, पक्की लैट्रिन व बाथरूम जैसी सुविधाएं हैं, या जो आयकर दाता हैं, जिनकी आय अधिक है अथवा जो सरकारी नौकरी में हैं, ऐसे लोगों के नाम बीपीएल अथवा अंत्योदय राशन कार्ड में नहीं जोड़े जा सकते। यदि ऐसे नाम दर्ज हैं, तो यह सीधी पात्रता नियमों का उल्लंघन है और उनका नाम तत्काल सूची से हटाया जाना चाहिए। लेकिन रेहटी नगर में इन सभी पात्रता मानदंडों को ताक पर रखकर अमीरों को गरीब घोषित कर दिया गया है। जनता की मांग है कि पूरे नगर में बीपीएल और अंत्योदय कार्डों की तत्काल जांच कराई जाए। जिनके पास साधन हैं, संपत्ति है, उनके कार्ड निरस्त कर गरीबों को न्याय दिया जाए।

# पद्मश्री से सम्मानित उद्योगपति बने अब राज्यसभा में पंजाब की आवाज

### राजिंदर गुप्ता उद्योग से समाज सेवा तक का प्रेरक सफर







**बुधनी।** पद्मश्री राजिंदर गुप्ता जिन्होंने उद्योग को जनकल्याण का माध्यम बनाया पंजाब के पहली पीढ़ी के उद्यमी हैं जिन्होंने सार्वजनिक सेवा, सामाजिक विकास और राष्ट्र निर्माण के लिए गहरी प्रतिबद्धता के साथ भारतीय उद्यम की भावना को प्रतीकात्मक रूप में सहेजा है। हाल ही में पंजाब से राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। वह राज्य परिषद में नेतृत्व,नैतिक शासन में दशकों का अनुभव और औद्योगिक विकास, रोजगार, सृजन सामाजिक उत्थान, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और कौशल विकास के लिए आजीवन समर्पित हैं। 1980 के दशक के मध्य में निम्न साधनों के साथ अपनी यात्रा प्रारंभ करते हुए उन्होंने ट्राइडेंट ग्रुप की स्थापना की जो आज दुनिया के बेहतरीन और सबसे बड़े एकीकृत समूह में से एक बन गया है। श्री गुप्ता की यह यात्रा इस विश्वास का प्रमाण है कि औद्योगिक प्रणालियों के संचालन के साथ साथ मानवता की सेवा भी की जा सकती है न केवल आर्थिक मूल्य बल्कि आजीविका शिक्षा, कौशल के अवसर भी पैदा कर सकते हैं। यह न केवल व्यावसायिक सफलता की यात्रा है। वह ट ट्राइडेंट लिमिटेड के अध्यक्ष एमिरेट्स के रूप में मार्गदर्शन और प्रेरित करना लगातार जारी रखे हुए हैं जो अब17500के कार्यबल द्वारा संचालित दो बिलियन अमेरिकी डॉलर के उधम तक पहुंच गया है। ट्राइडेंट की अत्याधुनिक विनिर्माण प्रणाली बरनाला,पंजाब में संघहेरा और धोला में स्थित हैं वहीं बुधनी में भी स्थापित की गई है। इसके अलावा दुबई,यूके और यूएस में कार्यालय के साथ घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में कुशल उत्पादन और निर्माण की सुविधा प्रदान करती है सौ अधिक देशों को निर्यात के साथ एकत्रित निर्माण वैश्विक प्रतिस्पर्धा और गुणवत्ता स्थिरता और मूल्य निर्माण पर निरंतर ध्यान देने अग्रणी माडल ने उनके ननेतृत्व को दर्शाया है। पद्मश्री राजिंदर गुप्ता को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 2007 में पद्मश्री, 2004 में अनस्टर्स एंड यंग द्वारा एंटरप्रेन्योर ऑफ़ द ईयर अवार्ड, और 2005 में पीएचडीसीसीआई द्वारा प्रतिष्ठित उद्यमिता पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उनकी व्यक्तिगत शुद्ध संपत्ति 5050 करोड रुपए से अधिक है जबकि शुद्ध संपत्ति शून्य देयता के साथ 11000 करोड रुपए है। पिछले 5 वर्षों में उन्होंने 779 करोड रुपए से अधिक का कर चुकाया है। राजिंदर गुप्ता ने पिछले एक दशक से भारतीय वाणिज्य और उद्योग महासंघ के पंजाब,हरियाणा, चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश के लिए सलाहकार परिषद के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है। वहीं उनके स्किलिंग इंडिया के लिए प्रमुख तक्षशिला कौशल विकास कार्यक्रम ने 20000 से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सक्षम बनाया है। हमेशा पर्यावरण और स्थिरता की पहल का समर्थन किया है। रानी के शिव मंदिर बरनाला को 100 करोड़ से अधिक और तिरुपति बालाजी मंदिर को 21 करोड़ से अधिक महत्वपूर्ण संस्कृतिक और धार्मिक योगदान दिए हैं। आतंकवाद के दौर में पंजाब में शांति और सद्भाव के लिए काम किया वह हमेशा कहते हैं कि व्यवसाय मेरा व्यवसाय है लेकिन अवसर पैदा करना मेरा जुनून है।

### पटाखों की गूंज व भक्ति आराधना से लक्ष्मी पूजा संपन्न



**भैरूंदा।** धन व सौभाग्य की देवी मां लक्ष्मी की पूजा भक्तिभाव के साथ शहरभर में हुई। दीपक की रोशनी से शहर रोशन हुआ। शाम को शुभ मुहूर्त में माता लक्ष्मी की विधिवत पूजा अर्चना कर भक्तों ने अपनी मनोकामना के लिए आराधना की। इस अवसर पर शहर की पुलिस भी रात भर मुस्तैद थी। भैरुंदा नगर सहित शहर के सभी ग्रामीण क्षेत्र दीपावली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। दीपावली पर्व को लेकर लोगों ने विशेष तैयारी की थी। आकाश में रंग-बिरंगी रोशनी के साथ पटाखों की आवाज सुनायी दे रही थी। लोगों ने घरों में रंगोली व सजावट के साथ स्वादिष्ट व्यंजन का भी स्वाद उठाया। दीपावली पर घर-घर जगमगाए आस्था के दीपक, रोशनी से रोशन हुआ शहर, बच्चों, युवाओं ने की आतिशबाजीदिवाली के अवसर पर सोमवार को नगर सहित शहर के बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की अच्छी चहल पहल दिखाई दी। लोगों ने फूलमाला , पटाखे, पूजन सामग्री, मिठाईयां आदि की जमकर खरीदारी की। शाम होते ही नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर आस्था के दीप जले और शहर को दीपक की रोशनी से रोशन किया गया। शाम को शुभ मुहूर्त में मां लक्ष्मी की विधिवत पूजा अर्चना कर अराधना की गई। घरों के सामने रंगोली बनाकर मां लक्ष्मी का स्वागत किया गया। हर घर रोशनी से सराबोर हो गया और मां लक्ष्मी की अराधना हुई। इस पर्व पर लक्ष्मी की पूजा कर लोगों ने दीपों, मोमबत्तियों और बिजली की रोशनी से अपने घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों को रोशन किया। सुबह से ही लोगों ने मित्रों और रिश्तेदारों को दिवाली की बधाई शुभकामनाएं दीं तो वहीं छोटे बच्चों सहित युवाओं ने जमकर आतिशबाज़ी की।

### महेश राठौर बने कर्मचारी कल्याण कोष के जिला प्रभारी



**इछावर ।** पी एम यू एम शिक्षक संघ म.प्र ( प्राथमिक , माध्यमिक , उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ ) के कर्मचारी कल्याण कोष के सीहोर जिला प्रभारी के पद पर नगर के शिक्षक महेश कुमार राठौर को नियुक्त किया गया है। श्री राठौर की नियुक्ति संघ के प्रांताध्यक्ष मुरली मनोहर अरजरिया द्वारा की गई है। महेश कुमार राठौर की इस नियुक्ति से क्षेत्र के शिक्षकों में उत्साह का माहौल है। संघ के संबंध में जानकारी देते हुए श्री राठौर ने बताया कि जब हमारे किसी साथी शिक्षक / कर्मचारी का किसी भी कारण से असामयिक निधन हो जाता है तो संघ द्वारा पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देकर उसे संबल प्रदान करने का काम किया जाता है। पी एम यू एम शिक्षक संघ का अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ ( ए आई पी टी एफ ) से संबद्धता है। संघ द्वारा उन्हीं पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है जो मृतक शिक्षक/ कर्मचारी संघ में पंजीकृत है। राठौर ने यह भी बताया कि संघ में रजिस्ट्रेशन पूरी तरह से निशुल्क होता है। रजिस्ट्रेशन के नाम पर किसी भी शिक्षक/ कर्मचारी से कोई शुल्क नहीं लिया जाता है।

### पुलिस स्मृति दिवस पर मंडी स्थित पुलिस लाइन पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

# शहीद अधिकारी व कर्मचारियों को दी गई श्रद्धांजलि





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पुलिस स्मृति दिवस परेड के अवसर पर सीहोर पुलिस लाइन पर शहीद अधिकारी एवं कर्मचारियों को श्रद्धांजलि दी गईं। एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने बताया कि 66 वर्ष पूर्व सन-1959 में सी.आर.पी.एफ. के जवानों की एक टुकड़ी चीन की सीमा पर लद्दाख के दुर्गम क्षेत्र हॉट स्प्रिंग नामक स्थान पर तैनात थी। 21 अक्टूबर को गश्त के दौरान चीनी सेना ने घात लगाकर इस टुकड़ी पर हमला कर दिया । सी.आर.पी.एफ. जवानों ने 16,000 फीट की ऊंचाई पर संसाधनों की कमी होने के बावजूद चीनी सेना का डटकर सामना किया और अपनी पोस्ट नहीं छोड़ी। इस हमले में सी.आर.पी.एफ. के 10 शूरवीर जवान वीरगति को प्राप्त हुए। उन्ही की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस परेड का आयोजन किया जाता है ।

संपूर्ण भारतवर्ष में दिनांक 1 सितंबर 24 से 31 अगस्त 2025 तक विगत एक वर्ष में राज्य पुलिस बल, केंद्रीय पुलिस बल व अन्य पुलिस संगठनों के 191 अधिकारी एवं कर्मचारियों ने आंतरिक सुरक्षा बनाये रखते हुए कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राणों की आहुति दी है, जिनके नाम का वाचन एसपी दीपक कुमार शुक्ला द्वारा किया गया तथा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिसमें 11 अधिकारी एवं कर्मचारी मध्यप्रदेश पुलिस के है। इस अवसर पर सूबेदार प्राची राजपूत एवं उप निरीक्षण सुनीता मेतवाल ने पुलिस स्मृति दिवस परेड की कमान संभाली और प्लाटूनों ने शहीदों को सलामी दी । इस अवसर पर एएसपी सुनीता रावत, मजिस्ट्रेट दीपेंद्र मालू, जेल अधीक्षक प्रतिभा पटेल, एसडीओपी पूजा शर्मा, रक्षित केंद्र के उपेंद्र यादव, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रविंद्र यादव, थाना प्रभारी महिला थाना निरीक्षक माया सिंह, सूबेदार यातायात बृजमोहन धाकड़, उप निरीक्षण (आर्म्स) राहुल श्रीवास्तव उपस्थित थे। सभी ने शहीद पुलिस जवानों को याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की।

### संस्कार केंद्र में कार्यक्रम आयोजित कर मिठाई व उपहार किए वितरित



बुधनी। दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में माना स्थित संस्कार केंद्र में कार्यक्रम किया। जिसमें संस्कार केंद्र की शिक्षिका अंकित पांडे और जागृति यादव को दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में मिठाई एवं उपहार प्रदान किए गए। इस मौके पर केंद्र के बच्चों को मिठाई,पटाखे, कॉपी,पेंसिल रबर एवं सौ रुपए की राशि प्रदान की गई। संस्कार केंद्र में 68 बच्चों की मौजूदगी में आरएसएस संगठन जिला सह सेवा प्रमुख सुनील कुमार पांडे वही नगर उपाध्यक्ष रोहित शर्मा, कोषाध्यक्ष भोज कुमार मालवीय, सुमित पांडे मौजूद रहे।

**जाहिर सूचना का खण्डन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमति मीरा बाई पत्नी कमाल सिंह जाती गुर्जर निवासी व कृषक कोनाझीर तह. व जिला सीहोर द्वारा मुझे निर्देशित किया गया है कि में दैनिक भास्कर मे दिनांक 11.10.2025 को मिथ्या व असत्य आधारो पर आधारित प्रकाशित जाहीर सूचना पत्र का खण्डन सूचना पत्र प्रकाशित करू। यहा कि मेरी पक्षकारा की भूमि ग्राम कोनाझीर में स्थित है, जिसका खसरा क्रमांक 171/15/1 व खसरा क्रमांक 171/26/1 व खसरा क्रमांक 171/27/1 कुल रकबा 0.996 हे. यानि 2.46 एकड़ है। उसकी स्वयं स्वामित्व व आधिपत्य धारी है एवं उसकी स्वयं अर्जित संपत्ती है। मेरी पक्षकारा के विरुद्ध श्रीमान सुरेन्द्र सिंह ठाकुर अधिवक्ता द्वारा उपरोक्त समाचार पत्र मे बगेर पक्षकार की जानकारी द्वारा क्रय करने संबंधी जानकारी द्वारा भ्रामक जाहीर सूचना पत्र जारी किया है, उसका मेरी पक्षकारा खण्डन करती है। मेरी पक्षकारा भविष्य में ऐसे पक्षकार द्वारा जो मिथ्या व असत्य आधारो पर जाहीर सूचना पत्र के खिलाफ कानूनी कार्यवाही भी करने को स्वतंत्र है। कृप्या सूचित हो।

भवदीय **सतीश सिंह चौहान** अधिवक्ता
जिला न्यायालय सीहोर
मो. नं. 8109677463

**खबर संक्षेप**

## गोवर्धन पूजा पर बच्चों को गोबर में लेटाया



**देवास।** दिवाली के दूसरे दिन मनाए जाने वाले पड़वा पर्व पर बुधवार को गोवर्धन पूजा की गई। देवास के कृष्णापुरा स्थित गवली समाज द्वारा कई वर्षों से एक परंपरा का निर्वाह किया जा रहा है, जिसमें छोटे बच्चों को गाय के गोबर से बने गोवर्धन में लेटाया जाता है। इस परंपरा के पीछे यह मान्यता है कि ऐसा करने से बच्चों का स्वास्थ्य वर्ष भर अच्छा रहता है और वे बीमार नहीं पड़ते। समाज के लोग बताते हैं कि यह आयोजन कई वर्षों से लगातार किया जा रहा है। पूजा के लिए समाज की महिलाएं सुबह गाय के गोबर से गोवर्धन बनाती हैं। इसके बाद उसकी विधिवत पूजा-अर्चना की जाती है। विभिन्न पकवान बनाकर गोवर्धन महाराज को भोग लगाया जाता है, और फिर छोटे बच्चों को स्वास्थ्य लाभ की कामना के साथ इसमें लेटाया जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर ग्वालों की रक्षा की थी। इसी कारण गवली समाज में यह मान्यता स्थापित हुई कि गोवर्धन उनकी रक्षा करते हैं, और इसीलिए बच्चों को गोबर में रखा जाता है। इस आयोजन से पहले गवली समाज द्वारा पूरे क्षेत्र में मंगलगीत गाकर सामूहिक पूजा की जाती है।

### ठगी करने वाले उत्तराखंड के एक अंतर्राज्यीय गिरोह का पुलिस ने किया खुलासा

# रजिस्टर्ड प्रॉपर्टी ब्रोकर्स की जानकारी लेकर सस्ती जमीन का झांसा देकर करते थे ठगी

### एसपी गेहलोद ने दी प्रेसवार्ता में जानकारी, गिरोह के पांच सदस्यों को किया गिरफ्तार, 29.50 लाख किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के प्रॉपर्टी ब्रोकर्स से ठगी करने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह का देवास पुलिस ने खुलासा किया। बुधवार को एसपी पुनीत गेहलोद ने प्रेसवार्ता आयोजिया कर घटना की जानकारी दी। एसपी गेहलोद ने बताया कि गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इन आरोपियों को उत्तराखंड से लगभग 1000 किलोमीटर दूर से पकड़ा गया है। पुलिस ने इनके पास से 29 लाख 50 हजार रुपए नकद और उत्तराखंड पासिंग दो कारें भी जब्त की हैं। गिरोह जस्ट डायल साइट से रजिस्टर्ड प्रॉपर्टी ब्रोकर्स के नंबर लेकर उन्हें सस्ती जमीन का झांसा देता था। फिलहाल गिरोह का मास्टरमाइंड फरार बताया जा रहा है। फरियादी तेजकरण परमार की शिकायत पर 29 सितंबर को एफआईआर दर्ज की गई। तेजकरण ने बताया कि वह प्रॉपर्टी का काम करते हैं और उन्हें जस्ट डायल साइट के माध्यम से शुभम तिवारी नामक व्यक्ति का फोन आया था। आरोपी ने उन्हें रुडक़ी में सस्ती जमीन का झांसा दिया। हरिद्वार के भगवानपुर गांव में स्थित कृषि भूमि (खसरा नंबर 25, रकबा 1.3706 हेक्टेयर में से 20 बीघा) दिखाकर जमीन बेचने के नाम पर उनसे 46 लाख 45 हजार रुपए ठग लिए गए।

तेजकरण ने जब आरोपियों से एग्रीमेंट करने को कहा तो वे टालमटोल करने लगे और बाद में फोन उठाना बंद कर दिया। कुछ समय बाद तेजकरण को अपने भांजे शुभम यादव



और उसके दोस्त राहुल पाटीदार के माध्यम से पता चला कि वही गिरोह उनके भांजे को भी उसी जमीन का सौदा करने का प्रयास कर रहा था। सूचना मिलने पर औद्योगिक क्षेत्र देवास पुलिस की एक टीम उत्तराखंड के हरिद्वार जिले स्थित रुडक़ी पहुंची। पुलिस ने फरियादी के भांजे शुभम यादव और उसके दोस्त राहुल पाटीदार के साथ मिलकर जमीन खरीददार बनकर आरोपियों से मुलाकात की। इस दौरान पुलिस ने शेख मेहंदी हसन, अब्दुल मन्नान उर्फ सौरभ कुमार, शुभम चौधरी उर्फ लाली, अकरम और अनुपम गुमा उर्फ आर. के. अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी जस्ट डायल साइट का उपयोग कर मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों के लोगों को निशाना बनाते थे। वे जमीन बेचने के नाम पर फर्जी आईडी का इस्तेमाल करते थे। पुलिस के अनुसार, गिरोह का मास्टरमाइंड इकबाल खान और उसके अन्य साथी अभी भी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

### इनकी रही भूमिका

उक्त कार्रवाई में सीएसपी सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में औद्योगिक थाना पुलिस ने सराहनीय काम किया। कार्रवाई में निरीक्षक शशिकान्त चौरसिया थाना प्रभारी थाना औद्योगिक क्षेत्र देवास, उनि नरेन्द्र अम्करे, प्र.आर. विष्णु दांगी, आर. अजय जाट, आर. अर्पित जायसवाल, आर. राबी यादव, आर. नरेन्द्र सिरसाम थाना औद्योगिक क्षेत्र देवास तथा प्र.आर. शिवप्रताप सिंह, प्र.आर. सचिन चौहान सायबर सेल देवास की सराहनीय भूमिका रही।

# पुलिस स्मृति दिवस पर अमर वीर जवानों को दी श्रद्धांजलि

### कलेक्टर, एसपी, एएसपी रहे मौजूद




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मंगलवार को पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन देवास स्थित शहीद स्मारक पर एक गरिमामय एवं भावनात्मक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देवास पुलिस ने उन अमर वीर जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए जिन्होंने देश और जनता की सुरक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधीश ऋतुराज सिंह रहे। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए अमर शहीद जवानों के नाम एक-एक कर पढ़े और उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सम्पूर्ण पुलिस लाइन परिसर "भारत माता की जय" और "अमर रहे हमारे वीर" के नारों से गूंज उठा।कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया, पुलिस स्टाफ के अधिकारी, कर्मचारीगण, एसएएफ जवान एवं देवास जिले के शहीद जवानों के परिजन उपस्थित रहे।सभी ने शहीद स्मारक पर पुष्पमालाएं अर्पित कर नमन किया तथा मौन रखकर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

इस अवसर पर एसपी गेहलोद ने कहा कि "शहीद दिवस केवल एक आयोजन नहीं, यह हमारे अंतर्मन में देशभक्ति की वह लौ प्रज्वलित करता है जो हमें कर्तव्यनिष्ठ रहने की प्रेरणा देता है। पुलिस बल के प्रत्येक सदस्य को उन अमर जवानों की शपथ दोहरानी चाहिए जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। देवास पुलिस सदैव उनके आदर्शों पर चलेगी और समाज की सुरक्षा के लिए पूर्ण समर्पित रहेगी।

## ग्रामीण क्षेत्रों में गायों को खिलाया गया छाबड़ा

**भौरासा।** जिले के भौरासा क्षेत्र के ग्राम कुलाला,बुदासा,मिर्जापुर,सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र मे दीपावली के दूसरे दिन लोगों ने पड़वा का त्योहार हर्ष उल्लास के साथ मनाया। वही गांव के सभी लोग इकठ्ठा होकर गोवंश कि पुजा करते हैं। ढोल के साथ सभी ग्रामीण हर घर जाकर पुजा करते हैं। वहीं ग्रामीणों के अनुसार यह परम्परा बहुत पुरानी है और हम इस दिन छावड़ा बांध कर पशुओ को खिलाते है जिसमे एक डण्डे मे पुराना चमडा या चारा बांध कर गाय के सामने ले जाते हे जिसे वो मारने आते है। ऐसे ही पशुओं को छाबड़ा खिलाया जाता है। गांव मे एक निश्चित स्थान पर छावड़ा बंधाकर परंपरा को प्रारंभ करते हैं वहीं गांव के लोग ढोल व आतिशबाज़ी के साथ यह परंपरा मनाते हैं।



# भौरासा में सुहाग पर्व पर रक्षा अस्त्र के रूप में मनाया गया धोक पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



दीपावली के एक दिन बाद महिलाओं द्वारा मनाया जाने वाला पर्व पर भारतीय संस्कृति में अनूठी परंपरा का निर्वहन माना गया है। इस दिन महिलाएं सुबह अंधेरे में उठकर स्नान करके एकत्रित होकर एक पुरानी (टोकरी) टोपला एवं आतिशबाजी का कचरा एकत्रित कर आग लगाकर उसमें तापती हैं। इसके साथ यह मान्यता है कि एक दिन पूर्व दीपावली पर लक्ष्मी माता के साथ कई आसुरी शक्तियां भी आती है उन्हें घर की लक्ष्मी ही सुबह सम्मान के साथ अग्नि प्रज्वलित कर विदा कर देती है ताकि घर पर आई लक्ष्मी शुद्ध रूप से मन मस्तिष्क को संचालित करें। ग्रामीण क्षेत्रों में गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया जाता है। भौरासा के चौधरी मोहल्ले की वरिष्ठ महिला तेज कुंवर बाई बजाज व अंकिता चौधरी का कहना है कि इस दिन नव वधू बड़े बुजुर्गों के पैर पढ़ कर आशीर्वाद लेती है इसलिए इस दिन बड़े बुजुर्गों के धोक लगने से इस पर्व को धोक पड़वा भी कहते हैं। सदा सुहागन का आशीर्वाद मिलते ही महिलाओं के चेहरे खिल जाते हैं। इस पर्व से सास,बहु, नंनद,भाभी, देवरानी, जेठानी में आपसी प्रेम बनता है।

# परम्पराओं का निर्वहन कर खिलाया छाबड़ा, पुलिस रही मुस्तैद






हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर में परम्पराओं का निर्वहन करते हुए छाबड़ा खिलाया गया। नगर में सुरक्षा के तौर पर जगह जगह पुलिस मुस्तैद रही। नगर में जहां दिवाली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा बड़े ही धूमधाम से मनाई जाती है वही महिलाएं अपने घर के बाहर गाय के गोबर से गोवर्धन बनाकर उनकी पूजा करती है। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओ को नहला कर उन्हें सजाया जाता है और उनकी पूजा की जाती है। वही ग्रामीण क्षेत्रों में छाबड़ा खिलाया जाता है जिसमें एक मरे हुए जानवर की खाल रहती है जिसे गायों के आगे ले जाकर उनके सिर में टच किया जाता है जिससे गाय बिचक जाती है और उसे मारने दौड़ती है। यह परंपरा कई समय से चली आ रही है।

इसी तरह नगर भौरासा में गोरधन पूजा पर दिनभर पूरा मार्केट बंद रहता है क्योंकि यहां पर एक अनूठी परंपरा है जिसमें गाय व पशुओ को अपने अपने जानवरों को सजाकर जुलूस निकाला जाता है जिसमें कई लोग शामिल होते हैं। जानवरों के ऊपर फटाखे फेंके जाते हैं जिससे यह जानवर बिचक जाते हैं, यहां रेल राकेट और गंगा जमुना जैसे पटाखे एक दूसरे के ऊपर फेंके जाते हैं जिससे वह आदमी उस फटाके से बचता है और फिर उसके ऊपर फटाखों से जवाबी हमला करता है कुल मिलाकर ऐसा लगता है की दोस्त ही दोस्त का दुश्मन कुछ देर के लिए बन गया हो। वही देखा जाए तो इस बार प्रशासन ने भी सख्ती की। जगह-जगह कैमरे भी लगवाए गए जिससे प्रमुख चौराहों की निगरानी की जा सके। वहीं बाहर से फोर्स भी बुलवाया गया। शाम 4:30 बजे तक प्रशासन का दबदबा रहा। वही 4.30 बजे बाद जुलूस के साथ युवाओं ने फिर आतिशबाजी शुरू की। गौरतलब है उन्हें प्रशासन भी नहीं रोक पाया। प्रशासन ने पुरे नगर मे फोर्स भी लगा रखा था।पुरे नगर मे सीसीटीवी कैमरे से नजर भी रखी गई, वही भौरासा पुलिस ने नगर मे फ्लैग मार्च भी किया, जिसमे सोनकच्छ एसडीओपी दीपा मांडवे व भौरासा थाना प्रभारी प्रीति कटारे समस्त स्टाफ के साथ मौजूद रहे।

# नगर परिषद अध्यक्ष ने सफाई मित्रों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



बागली नगर परिषद अध्यक्ष ने दीपावली के अवसर पर सफाई मित्रों और नगर परिषद से जुड़े अन्य कर्मचारियों का सम्मान किया। दीपावली पर्व पर नगर परिषद अध्यक्ष सीमा कमल यादव एवं नगर परिषद महासंघ प्रदेश अध्यक्ष कमल यादव ने स्थानीय नगर परिषद के सफाई मित्रों एवं जलप्रदाय सहित अन्य प्रबंधन व्यवस्था में लगे कर्मचारियों को घर आमंत्रित कर, मिठाई खिलाकर एवं अंग वस्त्र पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान 40 से अधिक सफाई मित्र एवं जलप्रदाय व्यवस्था से जुड़े कर्मचारियों सहित पत्रकारो का भी सम्मान सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष सीमा यादव ने महिला सफाई मित्रों का एवं पुरुष सफाई मित्रों का सम्मान करते हुए कहा कि हमें आप सभी पर गर्व है आपकी वजह से बागली इस वर्ष वन स्टार रैंक में आया है। आने वाले समय में स्वच्छता के मामले में बागली नगर परिषद को जिले में प्रथम स्थान दिलवाना हम सभी का दायित्व है। सफाई मित्रों ने भी स्वच्छ बागली स्वस्थ बागली की आवाज बुलंद करते हुए कहा की आने वाले समय में बागली नगर परिषद को नंबर वन नगर परिषद बना दिया जाएगा। जल प्रदाय कर्मचारी एवं विद्युत व्यवस्था कर्मचारियों की वजह से नगर में पर्याप्त पानी और पर्याप्त विद्युत व्यवस्था बनी रहती है। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव ने बताया कि हम सभी को संयुक्त प्रयास से आने वाले समय में बागली नगर का चहुमुंखी विकास करना है। इस दौरान पार्षद अमित धुलीया, मोहनलाल मानधन्या, योगेश खेरवार आदि उपस्थित रहे।

### नगर निगम और संस्था अभिरंग के संयुक्त तत्वावधान में शंकरगढ़ गौशाला में हुआ समारोह

# धार्मिक परंपराओं व सामाजिक उत्साह के साथ हुई गोवर्धन पूजा





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नगर निगम देवास एवं संस्था अभिरंग के संयुक्त तत्वावधान में शंकरगढ़ गौशाला परिसर में 22 अक्टूबर को धार्मिक परंपराओं एवं सामाजिक उत्साह के साथ गोवर्धन पूजा का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में देवास विधायक गायत्री राजे पवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

नगर निगम उपायुक्त आरती खेडेकर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर विधायक का स्वागत किया। मुख्य अतिथि द्वारा पारंपरिक विधि-विधान से गोवर्धन पर्वत की पूजा-अर्चना की गई एवं गौमाता का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। संस्था अभिरंग के संरक्षक आनंद कोठारी ने बताया कि संस्था निरंतर सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से भारतीय परंपराओं के संवर्धन में कार्यरत है। संस्था के अध्यक्ष बसंत वर्मा एवं कार्यक्रम प्रबंधक अश्विन नारायण आशापुरे ने विधायक राजे को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अपने उद्बोधन में विधायक पवार ने कहा कि "गोवर्धन पूजा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि यह हमारी संस्कृति, प्रकृति और गौसंवर्धन के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है।

भगवान श्रीकृष्ण का यह संदेश आज भी हमें प्रेरित करता है कि हमें प्रकृति और गौमाता का आदर करना चाहिए — यही सच्चा धर्म है।" उन्होंने कहा कि गौवंश भारत की अमूल्य धरोहर है, जो हमारी कृषि, संस्कृति और अर्थव्यवस्था का आधार रहा है। इसके संरक्षण हेतु समाज को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने गौशाला परिसर का निरीक्षण किया और स्वच्छता, सुरक्षा एवं गोसेवा से जुड़ी व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए नगर निगम देवास की टीम को बधाई दी। इस अवसर पर सभापति रवि जैन, स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह बैस, लोक निर्माण विभाग समिति अध्यक्ष गणेश पटेल, भरत चौधरी, भाजपा नेता मनीष सेन, राजकुमार सिंह ठाकुर, रामचरण पटेल, राजा अकोदिया, अर्जुन चौधरी, नवीन सोलंकी, वरिष्ठ पत्रकार अनिल सिकरवार, गुणपाल सिंह पवार, जुगनू गोस्वामी, तथा पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस. एस. श्रीवास्तव, डॉ. अली, डॉ. गरोंदिया सहित नगर निगम अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गौशाला समिति सदस्य उपस्थित थे।

कार्यक्रम में गोबर से निर्मित श्रीकृष्ण की आकर्षक प्रतिमा अंतिम राठौर एवं सपना कारपेंटर द्वारा तैयार की गई, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। भजन गायक प्रीतम सेंधालकर ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी, वहीं घुंघरू नृत्य अकादमी की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बाल कलाकार भावी त्रिवेदी ने श्रीकृष्ण स्वरूप धारण कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। गौशाला के सेवा भावी कार्यकर्ताओं रमेश कौशल, जितेंद्र वर्मा, भरत यादव, जगदीश गोयल, जीतू चौहान, अनिल वर्मा, महेश बोड़ाना एवं अन्य कार्यकर्ताओं को विधायक द्वारा शाल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन स्वास्थ्य निरीक्षक हरेंद्र सिंह ठाकुर ने किया तथा आभार प्रदर्शन शंकरगढ़ गौशाला समिति के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित जनों ने गोवर्धन पूजा एवं गौसेवा के संकल्प के साथ गौमाता की आरती संपन्न की। धर्मेंद्र सिंह बैस ने अतिथियों का स्वागत-अभिनंदन करते हुए गौशाला की उपलब्धियों एवं वर्तमान व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

# पड़वा पर गोवर्धन पूजन के लिए किसानों ने पशुओं का श्रृंगार कर किया पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

बुधवार को किसानों द्वारा पड़वा पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान किसानों के यहां गोबर से भगवान गोवर्धन की आकृति बनाई गई। इस पर्व को लेकर किसानों में काफी उत्साह देखा गया। सुबह से ही गोबर से भगवान गोवर्धन महिलाओं द्वारा बनाए गए। इसके बाद विधि विधान से गोवर्धन पूजन किया गया। इस दौरान किसानों द्वारा भी अपने पशुओं का आकर्षक श्रृंगार किया गया। गोवर्धन पूजा करने के बाद किसानों द्वारा अपने पशुओं का पूजन कर खीर पूरी खिलाई गई। सुबह पशु पूजन को लेकर किसानों में काफी उत्साह देखा गया। पूजन के बाद आतिशबाजी की गई एवं एक दूसरे को बधाई दी गई। हालांकि वर्तमान में किसानों के यहां अब बैलों की संख्या काफी कम है, लेकिन जिनके यहां बैल है उन्होंने बुधवार शाम को अपने घर के आंगन में बैल पूजन किया।

**खबर संक्षेप**

## ग्राम पंचायत जसमत के हनुमान मंदिर में हुआ बल परीक्षण



**आष्टा।** तहसील के जसमत गांव में गोवर्धन पूजा के अवसर पर खेड़ापति हनुमान मंदिर में एक अनोखा बल परीक्षण होता है। यह आयोजन साल में केवल एक बार होता है, जिसमें ग्रामीण एक विशेष पौधे को उखाड़ने का प्रयास कर अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते हैं।इस परंपरा के तहत, ग्राम प्रधान पटेल गोपाल सिंह और गांव के चौकीदार द्वारा हनुमान मंदिर के ठीक सामने एक 'पुवाडियां' का पौधा लगभग एक फीट जमीन में गाड़ा जाता है। इसके बाद मंदिर के पुजारी इस पौधे की विधिवत पूजा करते हैं।हजारों की भीड़ के सामने, कई युवा और बुजुर्ग अपनी ताकत आजमाने के लिए इस पौधे को उखाड़ने का प्रयास करते हैं। हालांकि, आज तक कोई भी व्यक्ति इस पौधे को जमीन से उखाड़ने में सफल नहीं हो पाया है।इस चमत्कार को देखने के लिए दीपावली के पड़वा के दिन जसमत के हनुमान मंदिर के पास सुबह से ही हजारों लोग इकट्ठा हो जाते हैं। ग्राम के पुरोहित पंडित मनोहर शर्मा ने बताया कि यह आयोजन वर्षों से चला आ रहा है और इसे हनुमान जी की दिव्य शक्ति से जोड़ा जाता है।आयोजन समिति के सदस्यों और गांव के बुजुर्गों का कहना है कि जब से गांव बसा है, तब से उनके पूर्वज और वे स्वयं इस अनोखे बल परीक्षण को देखते आ रहे हैं। उनका मानना है कि पौधे का न उखड़ पाना हनुमान जी की अलौकिक शक्ति का प्रतीक है।

### घर में दीपावली की हो रही थी तैयारी वहां सगे भाई, बहन की मौत से पसरा मातम

# एक के बाद एक भाई-बहन की मौत से सदमे में परिवार, एक का भोपाल में हो रहा उपचार

### दो बच्चों की मौत के बाद जागा स्वास्थ्य विभाग टीम ने किया घर-घर सर्वे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोठरी

जिले के आष्टा ब्लॉक के कचनारिया गांव जो की भोपाल इंदौर हाईवे जोड़ से गांव 5 किलोमीटर है यहां पर दीपावली के दिन एक परिवार पर दीपावली मातम में बदल गई। दरअसल दीपावली के एक दिन पहले गांव के परिवार में तीन बच्चे बीमार हुए जिन्हें परिजन उल्टी दस्त होने के बाद पास के कोठरी गांव के एक प्राइवेट क्लीनिक पर दिखाया वहां से दवाई ली और रात को घर आ गए जब उल्टी दस्त की दवाई पिलाई तो तबीयत और ज्यादा खराब हो गई गंभीर अवस्था में सिविल अस्पताल आष्टा में दिखाया। पहले डेड वर्षीय अंशिका की मौत हो गई उसके बाद 5:30 बाद 8 वर्षीय वंश की भी मौत हो गई उसके बाद बालिका वशिका को भी उल्टी दस्त होने और गंभीर अवस्था के चलते सिविल अस्पताल आष्टा में भर्ती कराया जहां से सीहोर रेफर कर दिया और उसके बाद भोपाल के हमीदिया में उपचार चल रहा है बालक बालिका के मौत से परिवार सदमे में है। हम बात कर रहे हैं सीहोर जिले के कचनारिया गांव की जो की आष्टा से 15 किलोमीटर और भोपाल इंदौर हाईवे से 5 किलोमीटर है यहां पर 2000 लोगों की आबादी है और 750 मतदाता शामिल है जिस परिवार में कल इलाज के दौरान बालक बालिका की मौत हुई वह गरीब परिवार है घर का मुखिया भी मजदूरी करके अपना घर चलाता था ऐसे में अचानक बालक बालिका की बीमारी से मौत से पूरा परिवार सदमे में।

### 2 दिन पहले हो रही थी दीपावली की तैयारी

बालक बालिका के पिताजी अखिलेश पिता प्रेम सिंह मालवीय उम्र 35 वर्ष निवासी कचनारिया जिला सीहोर ने बताया कि घर में 2 दिन पहले दीपावली की तैयारी चल रही थी उस दिन घर में दाल बाटी बनाई थी सभी ने साथ खाना खाया और त्योहार मनाने की तैयारी में थे लेकिन अचानक मेरे तीनों पुत्र पुत्री को उल्टी दस्त होने लगी सभी घबरा गए हम फिर पास में कोठरी गांव में एक प्राइवेट क्लीनिक पर डॉक्टर को दिखाया उसने बालक बालिका को इंजेक्शन लगाया और कुछ दवाई सिरप दी हमने घर आकर वह दवाई और सिरप पिलाई उसके बाद और ज्यादा तबीयत खराब हो गई उल्टी दस्त के मारे बालक बालिकाओं की हालत खराब थी मैं घबरा गया तब तक अगले दिन सुबह बालिका की मौत हो गई हम उसका अंतिम संस्कार कार्यक्रम करके ही आए थे कि बालक वंश की ज्यादा तबीयत खराब हो गई उसे हम उपचार के लिए सिविल अस्पताल आष्टा उपचार के लिए ले गए उस आष्टा से सीहोर रेफर कर दिया गया जहां उसकी रास्ते में उसकी मौत हो गई परिवार सदमे में था तब तक बालिका वंशिका की तबीयत ज्यादा खराब हो गई जिसे सीहोर के बाद भोपाल रेफर किया गया जहां उसका आज भी उपचार चल रहा है। जब हमने पूछा कि ऐसा कैसे हुआ तो उन्होंने बताया कि सब सामान्य था दाल बाटी बनी थी सभी ने खाना खाया सोए लेकिन आखिर क्या हुआ कैसे हुआ हमें नहीं मालूम बस हमने डॉक्टर को दिखाया था और यह दवाइयां दी थी अब आप ही जांच करें क्या हुआ।





### निष्पक्ष जांच हो

मंगलवार को सीहोर जिले के जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान भी पहुंचे और परिजनों से उन्होंने चर्चा की इस दौरान उन्होंने कहा की कहा कि यह बहुत दुखद घटना है और मैं बहुत आहत हूं परिवार के लिए संवेदनाएं में सरकार को दोषी मानता हूं बालक बालिका की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है बहुत ही गंभीर घटना है और मैं चाहता हूं कि सरकार उच्च स्तरीय जांच करें। छिंदवाड़ा में सिरप से बच्चों की मौत हुई और उसके बाद सीहोर जिले के कचनारिया में यहां भी परिवार ने एक प्राइवेट डॉक्टर को दिखाया था दवाई देने के बाद ही बच्चों की तबीयत बिगड़ी थी जिससे बालक बालिका की मौत हुई ,सरकार से गुजारिश है कि निष्पक्ष जांच हो और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो साथ ही परिवार को आर्थिक सहायता दी जाए।

### 2 दिन बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम जागी और गांव पहुंची

कचनारिया गांव में बालक बालिका की मौत के 2 दिन बाद मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम जागी और परिवार से पूरा घटनाक्रम की जानकारी ली और घर-घर जाकर जांच की। आष्टा ब्लॉक के कोटरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी वी के दोहरे अपनी टीम के साथ मंगलवार को कचनारिया गांव पहुंचे सबसे पहले उन्होंने पीड़ित परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और पूरी घटनाक्रम की जानकारी प्राप्त की उसके बाद गांव का भ्रमण किया। जब स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची तब भी परिवार जनों ने कोटरी के डॉक्टर से इलाज कराने और उनके द्वारा लिखी गई दवाई देने के बाद ही बीमार होने की बात कही है।

### दुखद घटना है

कचनारिया गांव के प्रेम मेवाड़ा और राजेंद्र मेवाडा ने बताया कि गांव में दीपावली पर्व पर दुखद घटना है इस मामले में जिस किसी की भी लापरवाही है उस पर कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि आगे से इस प्रकार के लापरवाही ना हो।

### जांच के बाद होगी कार्रवाई

सिविल अस्पताल आष्टा के बीएमओ डॉ अमित माथुर ने बताया है कि कचनारिया गांव में एक बालक और एक बालिका की मौत हुई है और एक बालिका भोपाल में उपचार के लिए भर्ती है लापरवाही में जो भी जांच के दौरान पाई जाएगी कार्रवाई की जाएगी।

# गोवर्धन पूजा कर जगदीश्वर धाम में मनाया अन्नकूट पर्व

### गोबर से गोवर्धन पर्वत की बनाई आकृतियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

पंच दिवसीय दीपोत्सव पर्व पर दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट महोत्सव मनाने की परंपरा है। प्रतिपदा बुधवार को गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव नगर में आनंद के साथ मनाया गया। गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृतियां बनाई गई और श्री कृष्ण के गोवर्धन स्वरूप की पूजा की गई।

मंदिरो में भगवान श्री कृष्ण को विविध व्यंजनों के साथ 56 भोग लगाए गए,नगर में स्थित श्री जगदीश्वर धाम राधा कृष्ण मंदिर में गोबर के गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाई भगवान श्री कृष्ण को अन्नकूट महोत्सव के साथ 56 भोग लगाया गया इसके बाद भक्तों के द्वारा गोवर्धन की परिक्रमा की गई तत्पश्चात भगवान श्री कृष्ण की आरती कर अन्नकूट के प्रसाद का वितरण किया गया।

नगर पुरोहित पंडित मनीष पाठक ने बताया कि सनातन धर्म में मान्यता है कि द्वापर युग में जब इंद्रदेव के कोप से ब्रज में भारी वर्षा होने लगी थी तब भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठाकर भक्तों की रक्षा की थी तभी से इस दिन गोवर्धन पूजा प्रारंभ हुई थी। अर्थात भक्तगण गोवर्धन पर्वत के आकर को गोबर से बनाकर गौ माता की पूजा करते हैं।

साथ ही अन्नकूट के 56 भोग के दर्शन करा कर भगवान श्री कृष्ण को भोग लगाते हैं। यह परंपरा प्रतिवर्षानुसार श्री जगदीश्वर धाम में संपन्न की जाती है।क्यों होता हैं गौ पूजनः पंडित दीपेश पाठक ने बताया कि गौ पूजन करने के पीछे धारणा यह है कि इससे व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती हैं और यह पर्व गोधन के महत्व को दर्शाता है।

### एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आज

**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी संस्कार मंच, जिला फुटबाल एसोसिएशन और खेल संगठनों के तत्वाधान में बीएसआई क्लब के पूर्व अध्यक्ष और खेल जगत की हस्ती स्व. प्रमोद पटेल की स्मृति में एक दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में चार टीमों को शामिल किया गया। जिसमें मिनी क्लब, आरआईएस, सीहोर रेड और सीहोर क्लब शामिल है। इस संबंध में जानकारी देते हुए संस्कार मंच के संरक्षक मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि गुरुवार की शाम साढ़े पांच बजे होने वाली इस प्रतियोगिता में अतिथि के रूप में संयोजक जितेन्द्र तिवारी, जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा, महेन्द्र शर्मा मंदु, कमलेश पारोचे, आनंद उपाध्याय, मदन कुशवाहा, आशीष शर्मा, चेतन मेवाड़ा, अतुल त्रिवेदी, धर्मेन्द्र माहेश्वरी, आयुष गुप्ता आदि शामिल रहेंगे।

# शिव स्वराज्य युवा संगठन ने बस्तियों में मनाई दिवाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शिव स्वराज्य युवा संगठन आष्टा द्वारा सेवा बस्तियों में जाकर निर्दन परिवारों एवं बच्चो के साथ मिलकर दीपावली का पावन पर्व मनाया। इसी के साथ ही उन्हें भेट स्वरूप मिठाई, फटाके, कंबल, दीपक जैसी अनेक सामग्री 100 से ज़्यादा पैकेटों में पैक करके दी गई। संगठन द्वारा एमपीइबी के पीछे, हरिओम होटल के पीछे,नवीन मंडी परिसर ,महात्मा गांधी कालेज के पास इन सभी सेवा बस्तियों में जाकर निर्धन परिवारों एवं बच्चो के साथ मिलकर दीपावली का पावन पर्व मनाया एवं अपनी शुभकामनाए प्रदान कि संगठन के रजत कुमार सोनी,हर्षद जैन, अंकुश सोनी, हर्ष राठौर, मयंक भोजवानी, निमित जैन, बाला शर्मा, प्रियांश सोनी, शिवांश परसाई, मनोयन जैन, शानू विशिष्ट, यश सोनी, आदित्य जैन, अमन सुराना, प्रभा ददलानी, डोली तिवारी एवं समाज सेवी कुशलपाल लाला उपस्थित रहे।

# सिंघवी मित्र मंडल ने गरीब परिवारों को उपहार देकर मनाया दीवाली पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



सिंघवी मित्र मंडल ने जन सहयोग से बनवाई मिठाई जिसको राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने ओर गायत्री मंदिर के ट्रस्टी शैलेंद्र वर्मा मित्र मंडल के सहयोग से आष्टा क्षेत्र के निर्धन परिवारों में वितरण करवाई गई। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने चार बस्तियों के 40 मेंबरों को इस पुनीत कार्य के लिए जवाब दारी सौंपी गई थी। यह सब कार्य जैन श्वेतांबर श्री संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला संघ चालक पारसमल सिंघवी के मार्ग दर्शन में हुआ। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने मिठाई के साथ साथ टी शर्ट, चाय पत्ती, सर्फ की थैली, तोरण, लक्ष्मी पाना, दीपक, रूई की बत्ती, तेल के पाउच, बर्तन सेट भी निर्धन परिवारों में दिए गए। जन सेवा भारती केंद्र इंद्रा कालोनी आष्टा पर 45 बच्चों को पंकज डुंगरवाल, घनश्याम परमार, मुकेश राठौर ने पहुंच कर सामग्री वितरण की। विपिन सिंघवी ने सभी दान दाताओं का दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही आप सभी दान दाताओं का सहयोग आगे भी मिलता रहे ऐसी अपेक्षा आप सभी से रखते हे।




# नगर की बहू ने रायफल में तो बेटी ने वेट लिफ्टिंग में मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



हमारे नगर की बेटी एवं बहू ने पृथक-पृथक प्रतियोगिता मे विजयश्री वरण कर नगर का नाम रोशन किया है. जहाँ सांदिपनी विद्यालय की हौनहार कक्षा 9वीं की छात्रा माही कंडारे सुपुत्री बंटी कंडारे ने वेट लिफ्टिंग राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया, वही नगर के पांचम परिवार की बहू नूपुर आशीष सोनी ने भोपाल मे आयोजित 34वी आल इंडिया रायफल प्रतियोगिता मे शानदार प्रदर्शन करते हुए नेशनल प्रतिस्पर्धा मे अपना नाम दर्ज कर नगर का नाम रोशन किया है। बिटिया माही कंडारे की इस उपलब्धि पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा निज कार्यालय पर उनका स्वागत सम्मान किया, वही बहू नूपुर सोनी का उनके निवास पहुंचकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि यह युग भेदभाव का युग नही है, इस युग में सभी समान रूप से प्रतिस्पर्धा में भाग ले रहे है। इतनी छोटी आयु में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में नगर का नाम रोशन किया यह आपकी मेहनत का ही परिणाम है। साथ ही बहू और बेटी मे फर्क रखने वालों के लिए पांचम परिवार ने बहू की इच्छा को समझते हुए प्रतिस्पर्धा मे सहभागिता करवाने की पहल कर समाज को सराहनीय संदेश दिया है.मेरे लिए जो भी कार्य हो आप बताए उसका त्वरित निराकरण करने के लिए मैं हर संभव आपके साथ हूं। प्रभु कृपा से आप निरंतर आगे बढ़ते रहे और अपने परिवार सहित नगर का नाम गौरवान्वित करते रहें। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पार्षद रवि शर्मा, कुशलपाल लाला, आशीष सोनी, चेतन छाजेड, सतीश मेवाड़ा, बंटी कंडारे, पूरणसिंह मेवाड़ा, नंदिनी यादव आदि मौजूद थे।

### ग्राम डोडी की आदर्श गोशाला में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने किया गोवर्धन पूजन

# गोशाला की गायों को खीर, पूड़ी और गुड़ का कराया भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आव्हान एवं निर्देश पर आज दीपावली के दूसरे दिन हर घर-हर गोशाला-हर गाँव गोवर्धन पूजा करने के आव्हान के तहत आज आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के मुख्य आतिथ्य में आष्टा जनपद की ग्राम पंचायत डोडी में संचालित आदर्श गौशाला में गोवर्धन पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान ने गौशाला में बनाये गये गोवर्धन पर्वत की पूजन कर गौमाता का पूजन किया एवं गौशाला में पल रहे करीब 150 गोवंश को खीर पूड़ी गुण का भोजन कराया। पूजन के बाद गोशाला के गोसेवक दादा उमरावसिंह एवं अन्य गो सेविकाओं का स्वागत सम्मान किया।

इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि प्रदेश की सांस्कृतिक, धार्मिक एवं सामाजिक विरासत को सहेजने के लिये प्रदेश के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों और गोशालाओं में गोवर्धन पूजा का आयोजन धूमधाम से कर गोमाता और प्रकृति के प्रति सम्मान और समर्पण के हम सब सहभागी बन कर गौसेवा का लाभ हम सब ले रहे है । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की मुख्यमंत्री डॉ. यादव जी के निर्देश पर अब प्रदेश के हर विकासखंड में वृंदावन ग्राम की स्थापना की जायेगी। दुग्ध उत्पादकों को आधुनिक डेयरी स्थापना के लिये डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना के अंतर्गत 42 लाख रूपये तक का ऋण दिया जायेगा। दीपावली के दूसरे दिन होने वाला गोवर्धन पर्व प्रकृति, पर्वत और गौ-वंश संरक्षण की भारतीय प्राचीन परंपरा का प्रतीक है। इस परंपरा का साक्षात दर्शन हमें भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर धारण करने से मिलता है। मानवता की रक्षा के इसी पावन स्मृति में गोवर्धन पूजन किया जाता है। इस पर्व में गौ-धन के संवर्धन की प्रेरणा है जो भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है। इसमें भारतीय समाज की वह जीवनदृष्टि समाहित है, जिसमें प्रकृति, पशु, मनुष्य और देवत्व का संतुलन देखने को मिलता है। आज हमारी सरकार द्वारा प्रदेशभर में गोवर्धन पर्व का आयोजन किया गया है । यह पर्व लोक अनुष्ठान और सांस्कृतिक परंपराओं के अनुसार मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पशुपालन, कृषि और सहकारिता विभाग की जन-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ लोगों को जोड़ने और ग्रामीण आजीविका के लिए दुग्ध उत्पादन और वृंदावन ग्राम योजना के विस्तार की गतिविधियों की जानकारी दी गई। विधायक ने कहा महिलाओं की आत्मनिर्भरता में भी दुग्ध व्यवसाय का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रदेश में जिस तरह खेती को लाभ का व्यवसाय बनाने के लिये किसानों को प्रोत्साहित किया गया और हमारे किसान भाइयों ने उपज का भंडार भर दिया, उसी तरह दुग्ध उत्पादन करने वाले पशुपालकों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इससे प्रदेश में गौ-वंश पालन बढ़ेगा, कृषि की पारंपरिक व्यवस्था को आधार प्राप्त होगा और प्राकृतिक खेती को सहयोग मिलेगा। रसायन रहित पौष्टिक अन्न तथा अन्य वस्तुओं का उत्पादन जहां स्वास्थ्य के लिये लाभदायी होगा, वहीं प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। गौ-संवर्धन रोज़गार सृजन के साथ समाज को सांस्कृतिक मजबूती प्रदान करता है और सु-संस्कृत, स्वस्थ और सबल समाज का निर्माण करता है, जिससे सतत और समर्थ अर्थव्यवस्था का विकास संभव है।

इस अवसर पर कार्यक्रम में पहुचे विधायक गोपालसिंह इंजीनियर,जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान,जिला भाजपा मीडिया प्रभारी सुशील संचेती, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, विजेंद्र सिंह ठाकुर, हरेंद्र ठाकुर,मनोज वैद्य, राजेंद्र सिंह ठाकुर,राहुलसिंह, सहित सभी पशु विभाग एवं पंचायत विभाग के सभी अधिकारियों का डोडी के सरपंच नरेन्द्रसिंह सिसौदिया डीजे ने स्वागत और सम्मान किया। इस अवसर पर डोडी के वरिष्ठ किराना व्यापारी एवं समाजसेवी शराकेश राठी द्वारा अपनी पुत्री की नौकरी लगने पर आदर्श गौशाला में पशुओं के लिए चारा पानी आदि की व्यवस्था हेतु दो हजार की राशि दान दी गई विधायक ने राठी का दी गई राशि के प्रति उनका स्वागत और सम्मान किया । कार्यक्रम में कृपाल सिंह ठाकुर, अशोक भूतिया, इंदर सिंह ठाकुर,तेजसिंह ठाकुर, ज्ञान सिंह पटेल, धर्मेंद्र पटेल,सहित बड़ी संख्या में ग्राम डोडी सहित आसपास के ग्राम पंचायत के ग्रामीण जन, जन प्रतिनिधि, पंच, सरपंच व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित है।

# मां पार्वती धाम गोशाला में गोवर्धन पूजन कर की गो माता की पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

नगर की मां पार्वती धाम गोशाला में दीपावली पर्व के पश्चात गोवर्धन पूजन के दिन गोशाला में गो माताओं को रंग रोगन व मोर मोरंगी से सिंगार कर सजाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, जिला कांग्रेस महिला अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर, समाजसेवी अशोक खंडेलवाल ने गौ माता की। अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने मां पार्वती धाम गोशाला के गो सेवक करण सीता गोस्वामी, मिश्रीलाल कुशवाहा, श्याम गोस्वामी, पीयूष गोस्वामी, एवं नगर पालिका कर्मचारी ट्रैक्टर ड्राइवर देवीलाल, पप्पू रैकवाल, राजेश रैकवार आदि को मिठाई एवं उपहार भेंट किए वरिष्ठ समाजसेवी अशोक रेखा खंडेलवाल, सौरभ नैनीता खंडेलवाल, मीरबान खंडेलवाल द्वारा गो माताओं के आहार व निर्माण कार्य के लिए 11001 व महेश राठी बाबा नमकीन द्वारा 1100 की दान स्वरूप राशि गोशाला समिति कोषाध्यक्ष संजय सुराणा को प्रदान किए मां पार्वती धाम गौशाला वरिष्ठ उपाध्यक्ष किरण दीदी ने समाजसेवी प्रेम नारायण शर्मा, हरिनारायण शर्मा, गौशाला मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, चंद्रवंशी खाती समाज प्रमुख बी एस वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि सुभाष नामदेव, सुनील प्रगति, एडवोकेट विरेन्द्र परमार, शुभम कुशवाहा, का गोशाला के विशेष सहयोगी विपिन सिंघी ने स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय कुशवाह महिला प्रदेश उपाध्यक्ष गीता नरेंद्र कुशवाह, अनीता महाडिक, पूजा सुशील कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।